Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:58 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:54 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 214 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 16 फरवरी 2024

सिंगर का सिनेमा में एक्टर...पेज-3 पर

# 18 को फिर बदलेगा मौसम, बारिश-बर्फबारी के आसार

देहरादून/हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पहाड़ से लेकर मैदान तक फिर मौसम बदलेगा और पर्वतीय इलाकों में बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार हैं।

उत्तराखंड में 18 फरवरी से एक बार फिर मौसम बदलने के आसार हैं। पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी से ठंड बढ़ सकती है। हालांकि अभी दिन के साथ अब रात का तापमान भी सामान्य है। बृहस्पतिवार को दून का अधिकतम तापमान तीन डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 25.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी 9 डिग्री के साथ सामान्य रहा। ऐसे ही पंतनगर का अधिकतम तापमान भी एक डिग्री के इजाफे के साथ 25.7, मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान चार डिग्री बढ़ोतरी के साथ 17.2 और नई टिहरी का अधिकतम तापमान दो डिग्री इजाफे के साथ 17.4 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 16-17 फरवरी को प्रदेश भर का मौसम शुष्क रहेगा। जबकि 18-19 फरवरी को भारी बारिश-बर्फबारी की संभावना है। 18 फरवरी को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।



## यूपी में भी मौसम ने लिया यू-टर्न

मौसम ने यू-टर्न ले लिया है। धूप की भविष्यवाणी के बीच गुरुवार की सुबह कोहरे में लिपटी हुई दिखी। राजधानी लखनऊ सहित अवध के कई जिलों में कोहरा देखने को मिला। लखनऊ में दृश्यता 50 मीटर तक रही। हालांकि रात तक कोहरे की कोई संभावना नहीं दिखी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक प्रदेश में 18 फरवरी से फिर बारिश के आसार हैं। पश्चिमी यूपी से इसकी शुरूआत होगी और 19 फरवरी को पूर्वी यूपी तक बारिश दस्तक देगी। बुधवार को आजमगढ़, गोरखपुर, चित्रकूट, प्रयागराज और वाराणसी समेत अन्य जिलों में बारिश हुई।

## News कॉर्नर

### एसएसजे परिसर में 22 से लगेगा पुस्तक मेला



**अल्मोड़ा।** एसएसजे परिसर के मिडिल कैंपस में 22 और 23 फरवरी को दिनी पुस्तक मेला लगेगा। इसमें विद्यार्थियों को एनईपी पाठ्यक्रम की किताबें भी उपलब्ध होंगी। पुस्तकालय प्रबंधन मेले की तैयारियों में जुटा है। पहली बार पुस्तक मेला आयोजित होने से छात्र-छात्राओं में उत्साह है।
मेले में एनईपी पाठ्यक्रम की सभी विषयों की पुस्तकों के स्टॉल लगेंगे। खास बात यह होगी कि संकाय अध्यक्ष पुस्तकों में पाठ्यक्रम की जांच कर इनका दाम तय करेंगे। विद्यार्थियों को निजी प्रतिष्ठानों से ऊंचे दामों में पाठ्यक्रम की पुस्तक खरीदने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

### तपोवन में एनटीपीसी के बैराज साइड में दिखा लेपर्ड

**जोशीमठ।** चमोली जिले के तपोवन में एनटीपीसी के बैराज साइड में लेपर्ड दिखाई दिया, जिसके बाद से यहां स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। इस पर नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के वन क्षेत्राधिकारी गौरव नेगी ने बताया कि लेपर्ड को ट्रेस करने के लिए ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे पता लग सके कि लेपर्ड है या स्नो लैपर्ड। वहीं दूसरी तरफ श्रीनगर गढ़वाल में लोगों को गुलदार की दहशत से निजात नहीं मिल पा रही है। शहर की आबादी वाले क्षेत्रों में गुलदार की धमक ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है। स्थिति यह है कि शाम होते ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। बुधवार रात आंचल डेयरी के पास गुलदार ने स्कूटी सवार पर झपटा मारने की कोशिश की। स्कूटी सवार ने बमुश्किल भागकर जान बचाई।

गुरदासपुर के बुजुर्ग किसान और जीआरपी सब इंस्पेक्टर ने दम तोड़ा

# किसान आंदोलनः शंभू बॉर्डर पर तनाव बढ़ने से दो की मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

हरियाणा बॉर्डर पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों की तैनाती के कारण तनाव जारी है। तीसरे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। रविवार तक किसान शंभू बॉर्डर से आगे नहीं बढ़ेंगे। वहीं, आज किसानों ने भारत बंद का एलान किया है।



आज चार घंटे पेट्रोल पंप बंद रहेंगे। बसें नहीं चलेंगी। बाजार बंद रहेंगे। टोल प्लाजा फ्री कराए जाएंगे। शंभू बार्डर पर तैनात पानीपत के जीआरपी सब इंस्पेक्टर की भी मौत हो गई है। चुलकाना निवासी सब इंस्पेक्टर हीरालाल समालखा जीआरपी चौकी में तैनात थे। उनको किसानों के दिल्ली कूच को रोकने के लिए घग्गर नदी पोस्ट पर तैनात किया गया था। देर रात शंभू बॉर्डर पर तनाव बढ़ गया था। कुछ निहंग घग्गर के पुल पर बैरिकेड के पास जाकर पुलिसकर्मियों को ललकारने लगे। जब वे समझाने पर नहीं माने तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले और रबड़ बुलेट का प्रयोग कर उन्हें खदेड़ दिया। निहंग सिख की पीठ में रबड़ की गोली लगी है। वह अस्पताल में उपचाराधीन है।

किसानों के दिल्ली चलो मार्च के कारण कुंडली बॉर्डर पर भारी सुरक्षा बल तैनात है। बहादुरगढ़ में सुरक्षा का पहरा और कड़ा कर दिया गया है। सेक्टर 9 मोड़ पर कंक्रीट के बैरिकेड को संख्या बढ़ाई गई है। पहले बनाई गई 100 फुट लंबी और 5 फुट चौड़ी दीवार का दायरा बढ़ा दिया गया है। दोपहर को इन बड़े पत्थर के बीच कंक्रीट डाली जाएगी।

शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन करने गए गुरदासपुर के चाचोकी गांव निवासी सरदार ज्ञान सिंह (63) की तबीयत खराब होने से मौत हो गई है। किसानों के अनुसार, दो दिन पहले आंसू गैस के गोले से उन्हें दिक्कत हो गई थी। तब तो वे ठीक हो गए थे लेकिन गुरुवार रात अचानक उनकी तबियत बिगड़ी और उन्होंने दम तोड़ दिया। किसान ज्ञान सिंह की मौत पर...

... शेष पेज 3 पर

# डोईवाला में ट्रैक्टर रैली लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे किसान

देहरादून
हमारे संवाददाता

भारत बंद के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा ने डोईवाला में प्रदर्शन कर ट्रैक्टर रैली निकाली। किसानों ने कहा कि एसएमपी की गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान आंदोलन जारी रखेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद के आह्वान के समर्थन में शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से नगर में केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ ट्रैक्टर रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। हालांकि डोईवाला में भारत बंद का कोई असर देखने को नहीं मिला। बीते रोज किसान मोर्चा के पदाधिकारी ने स्थानीय व्यापारियों से बंद के समर्थन में प्रतिष्ठानों को बंद करने की अपील की थी। शुक्रवार को भारत बंद का क्षेत्र में कोई असर देखने को नहीं मिला। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक ताजेंद्र सिंह ने कहा कि एसएमपी की गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान आंदोलन जारी रखेंगे।

**रैली**

- व्यापारियों से समर्थन में प्रतिष्ठानों को बंद करने की अपील

किसान हित के लिए निर्णायक संघर्ष किया जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में किसान सभा के जिला अध्यक्ष दलजीत सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित उनियाल प्रदेश सचिव सागर मनवाल जाहिद अंजुम याकूब अली हरेंद्र बालियां बलबीर सिंह जितेंद्र कुमार समेत विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी और किसान शामिल हुए।



# पिथौरागढ़, मुनस्यारी व चंपावत के लिए 22 से हेलीकाप्टर सेवा शुरू

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

गौलापार स्थित हेलीपेड से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चंपावत के लिए 22 फरवरी से हैली सेवा प्रारम्भ होगी। यह जानकारी देते हुए उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा ने बताया कि हैली सेवा का ट्रायल सफल होने पर डीजीसीए की अनुमति के बाद यह सेवा 22 फरवरी से 2024 से प्रारम्भ होगी। उन्होंने बताया कि विगत दिवस 19 जनवरी को गौलापार हैलीपेड से हेली सेवा हेतु ट्रायल किया गया था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा कुछ कार्य करने के निर्देश दिये थे। वर्मा ने बताया कि प्रशासन द्वारा हैलीपैड में हवाई यात्रा सुचारू हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद कर दिया है। हल्द्वानी से पिथौरागढ, मुनस्यारी व चम्पावत के लिए हेली सेवा प्रारंभ होने के बाद लोगों को सहूलियत होगी। इसका किराया क्रमशः 3000, 3500 व 2800 रुपए प्रति व्यक्ति तय किया है।



# तल्लीताल में मांगों को लेकर आशाओं का धरना प्रदर्शन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

तल्लीताल गांधी चौक स्थित उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल के नेतृत्व में आशाओं ने धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

इस दौरान कमला ने बताया केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारत सरकार से आशा कर्मियों सहित सभी स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी घोषित करने सहित अन्य लंबित मांगों की पूर्ति के आलोक में उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन संबद्ध ऐक्टू का मांग कर रहे हैं।



जिसको लेकर मांग पत्र भी शासन को सौप है उन्होंने बताया आशा वर्कर्स को नियमित मासिक वेतन कर्मचारी का दर्जा व सेवानिवृत्ति होने पर सभी आशाओं का अनिवार्य पेंशन का प्रावधान किया जाए। सेवानिवृत्त होने वाली आशा वर्कर्स को जब तक पेंशन योजना का लाभ नहीं दिया जाता तब तक रिटायरमेंट के समय एकमुश्त 10 लाख का भुगतान किया जाय आशाओं को विभिन्न मदों के लिए दिए जाने वाले पैसे कई कई महीनों तक लटकाने के स्थान पर अनिवार्य रूप से हर महीने दिया जाय। पल्स पोलियो अभियान जब से शुरू हुआ है तब से आशाओं को इस अभियान में हफ्ते भर रोज दिन की ड्यूटी करनी होती है और तभी से मात्र सौ रुपए का भुगतान किया जा रहा है जबकि महंगाई को देखते हुए कम से कम दैनिक दिहाड़ी रोज की दर से भुगतान किया जाना चाहिए। इसी तरह ट्रेनिंग में भी सौ रुपए दिया जा रहा है उसको भी दे दैनिक दिहाड़ी की दर से दिया जाना चाहिए।

कमला ने कहा प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 200 दिनों के काम और 600 /- रुपए दैनिक वेतन के साथ मनरेगा को मजबूत करना, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना, संगठित व असंगठित अर्थव्यवस्था में सभी को पेंशन और सामाजिक सुरक्षा, नए शुरू किए गए बीएनएस की धारा 104 को खत्म करना मुख्य मांग है इस मौके पर दुर्गा टम्टा, रमा गैडा, भगवती शर्मा, प्रभा बिष्ट, ममता, नीलम बिष्ट,अनीता आर्य,सुनीता, हेमा पाठक, बबीता कुरिया, गीता नैनवाल, दीपा अधिकारी, पुष्पा मेहरा, मुन्नी बिष्ट, पूनम, कमला बिष्ट, तुलसी बिष्ट, विमला ठठोला, मनीषा, हेमा, अनीता, देवकी रौतेला, नीरू पुजारी, सहित अन्य आशाए मौजूद थी।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र का दौरा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सामाजिक राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन के साथ वनभूलपुरा के कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र के थाना क्षेत्र, लाईन नं 17 व इंद्रानगर ठोकर का दौरा किया तथा प्रशासन से कर्फ्यू हटाने की मांग की।

वनभूलपुरा क्षेत्र में ज्यादातर आबादी मेहनत मजदूरी करती है। कर्फ्यू के कारण उनका रोजगार पूर्णता ठप हो गया है ज्यादातर आबादी के पास राशन, सब्जी, ईंधन आदि खरीदने के पैसे भी नहीं बचे हैं। जनता को बाजार दर पर सब्जियां और राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा था। कुछ महिलाओं ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह ने 10-15 महिलाओं को नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराया है। प्रशासन का यह प्रयास बेहद सीमित है अत:हमारी मांग है कि जब तक कर्फ्यू जारी है। कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में सभी लोगों को निशुल्क पका हुआ भोजन/राशन उपलब्ध कराया जाए।



8 फरवरी के बाद से क्षेत्र में शांति है। कोई नई घटना नहीं हुई है अत: दिन के समय का कर्फ्यू हटाया जा सकता है। इंदिरा नगर ठोकर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आसमा ने बताया कि उसकी पुत्री को रात में उल्टियां हो गई थीं, उसने रात्रि 2 बजे एंबुलेंस की मांग की तो एंबुलेंस 2 घंटे बाद सुबह 4 बजे पहुंची।

उक्त स्वास्थ्य केंद्र दिन में 2 बजे बंद कर दिया जाता है, इसे 24 घंटे के लिए खोला जाना चाहिए तथा इसमें चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ व चिकित्सीय सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ाया जाए। गफूर बस्ती में पानी की लाइन टूटी हुई होने के कारण वहां पर पानी की किल्लत है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही लाइन दुरुस्त कर पानी की आपूर्ति सुचारू की जाएगी।

वनभूलपुरा थाने के पास नफीसा ने रोते हुए बताया कि 5 दिन पहले उसके छप्पर से पुलिस उसके पति को उठाकर ले गई थी उसका आज तक कोई भी पता नहीं है। देश के कानून में दर्ज है कि गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा उसकी गिरफ्तारी व उस पर लगे हुए मुकदमे की सूचना तत्काल परिवार को दी जाएगी। हमारी प्रशासन से मांग है कि इस कानून का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। बस्ती में बहुत सारे लोग आने- जाने हेतु कर्फ्यू पास के लिए बहुत ज्यादा परेशान है इसके लिए एक डेस्क बनाकर लोगों को तत्काल पास उपलब्ध कराए जाएं।

एसडीएम परितोष वर्मा व नगर मजिस्ट्रेट, एपी बाजपेई व जिलाकारी वंदना का आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि वनभूलपुरा क्षेत्र के बहुत छोटे क्षेत्र का ही हम लोग भ्रमण कर पाए हैं। हम उम्मीद करते हैं कि प्रशासन संवेदनशीलता के साथ कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में निवास कर रही जनता की समस्याओं का समाधान करेगा तथा शेष बचे हुए कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में भी सामाजिक कार्यकर्ताओं को जाने की अनुमति देगा।

प्रतिनिधि मंडल में समाजवादी लोकमंच के मुनीष कुमार, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रभात ध्यानी, एक्टू के के बोरा, सर्वोदय मंडल के इस्लाम हुसैन, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र रजनी जोशी, महिला मंच की बसंती पाठक, महिला एकता मंच की उषा पटवाल, भाकपा माले के नेता कैलाश पांडे, प्रदीप पांडे, संजय रावत, उमेश तिवारी, परिवर्तनकामी छात्र संगठन के चंदन , क्रालोस के मोहन मटियाली, इंकलाबी मजदूर केंद्र के खेमानंद जोशी आदि उपस्थित थे।



## केनफील्ड छात्रावास की 44 वीं कार्यकारिणी का गठन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के केनफील्ड छात्रावास की 44 वीं कार्यकारिणी का गठन गुरुवार को हुआ जिसमें छात्रावास अधीक्षक डॉ. मोहन लाल एवं सहायक छात्रावास अधीक्षक डॉ.संतोष कुमार उपस्थित रहे।

इस दौरान कार्यकारिणी के सदस्य सी. पी. विवेक जोशी, डी. सी. पी. रजत गौड, ट्रेजरार मनीष सिंह शाह, सलाहकार समिति के सदस्य अप्रतिम चौधरी, गौरव देश, मोहित गिरी जबकि अनुशासन समिति प्रमुख दीपक कन्नौजिया, सांस्कृतिक प्रमुख मिहिर प्रकाश, एंटी रैगिंग समिति के प्रमुख दीपांशु लखचौरा, एंटी डोपिंग समिति प्रमुख विशाल सिंह कफ लिया, गार्डनिंग समिति के प्रमुख गौरव सिंह महरा, मैस समिति के प्रमुख राहुल बिष्ट सहित सपोर्ट सचिव चमन तिवारी, जिम प्रभारी उमेश सिंह रावत, रीडिंग रूम प्रभारी प्रखर श्रीवास्तव जबकि शैक्षणिक गतिविधियों के सचिव पविक शर्मा निर्वाचित हुए।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रावास अधीक्षक डॉ. मोहन लाल एवं सहायक छात्रावास अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने जीवन के लक्ष्य के प्रति निरंतर परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया व नियुक्त सभी पदाधिकारियों को सहृदय बधाईयाँ दी गयी।

## संजय अध्यक्ष, दीप बने देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के महासचिव

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की चुनाव तिथि से 10 दिन पहले ही सरकार बन गई। नाम वापसी के दिन ही सभी आठ पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया गया। संजय साह रिक्खू के सिर संगठन अध्यक्ष और दीप चंद्र जोशी के सिर महासचिव का ताज सजा।

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के लिए 25 फरवरी को चुनाव होना था। आठ पदों के लिए 15 दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। बृहस्पतिवार को नाम वापसी के दिन सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अनिल गुरुरानी, हिमांशु कांडपाल और मो. नौसाद के नाम वापस लेने पर एकमात्र प्रत्याशी संजय साह रिक्खू का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर मैदान में डटे तीन में से एक प्रत्याशी प्रमोद कुमार भीमा ने नाम वापस ले लिया। चुनाव संचालन समिति ने दो-दो प्रत्याशियों के बीच पर्ची डाली। दीपक जोशी को वरिष्ठ तो आनंद सिंह भोज को कनिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व मिला। रोहित साह की नाम वापसी के बाद दीप चंद्र जोशी महासचिव चुने गए। महिला उपाध्यक्ष पद पर चंद्रा रावत ने अपना नाम वापस लिया और मनु गुप्ता का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। हिमांशु बिष्ट की नाम वापसी के बाद मनु गुप्ता कोषाध्यक्ष बने। उपसचिव पद पर मैदान में डटे दो प्रत्याशी जयप्रकाश और अमन टकवाल के बीच सिक्का उछालकर परिणाम निकाला गया।



## NEWS / फटाफट

### राज्य मंत्री अजय भट्ट के प्रयासों पर आभार जताया



**नैनीताल।** नैनीताल होटल्स एंड रेस्टरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिगविजय सिंह बिष्ट ने एसोसिएशन की ओर से काठगोदाम-नैनीताल हाईवे के चौड़ीकरण हेतु नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट के सांसद एवं भारत के रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के प्रयासों से 710 करोड़ रुपयों का आवंटन करवाने के लिए धन्यवाद किया है। इसके साथ ही एसोसिएशन ने सडक़ परिवहन और राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडक़री का इस राजमार्ग के लिये बजट का आवंटन करने के लिए भी धन्यवाद किया है। इस बीच बिष्ट ने कहा कि राजमार्ग का टू लेन होने के बाद नैनीताल आने वाले स्थानीय व पर्यटकों को जाम की स्थिति से नहीं जूझना पड़ेगा और पर्यटन की दृष्टि से भी नैनीताल को बहुत फायदा होने की उम्मीद है।

### गांव चलो अभियान के तहत विकास कार्यों की जानकारी दी

**नैनीताल।** गांव चलो अभियान के तहत गुरुवार को राजभवन बूथ संख्या 108 बूथ प्रवासी दीपिका बिनवाल साथ में बूथ अध्यक्ष माया बिष्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों के बारे में क्षेत्रवासियों को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सरल एप एवम नमो एप डाउनलोड करवाया एवम सभी को एप से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी साथ ही नव मतदाताओं से संपर्क किया गया। इस दौरान बूथ कार्यकारिणी के समस्त कार्यकर्ता जिसमें शक्तिकेंद्र संयोजक रीना मेहरा, भाजपा नेता संजय शाह, मंडल मंत्री सोनू शाह, सोशल मीडिया संयोजक अरुण कुमार समेत भावना बिष्ट, नरेश पांडे, दया कुंवर, मनोज कुमार समेत भाजपाई मौजूद रहे।

### तीन स्नातक कक्षाओं के सुधार परीक्षा के परिणाम घोषित

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के मुख्य परीक्षा नियंत्रक डा.महेंद्र सिंह राणा ने बताया कि गुरुवार को परीक्षा अनुभाग की ओर से तीन स्नातक कक्षाओं के परीक्षाफल सुधार परीक्षा के परिणामों को घोषित कर दिया गया है। डा.राणा के मुताबिक इसके तहत बीए दूसरा वर्ष,बीएससी दूसरा वर्ष,बीकाम तीसरा वर्ष के परीक्षा परिणाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल विवि की बेवसाईट में देख सकते हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## बैठक में शिक्षा एवं शिक्षकों के मुद्दों पर चर्चा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद नैनीताल के ब्लॉक तथा जनपद पदधिकारियों की संयुक्त बैठक में प्रारंभिक शिक्षा एवं शिक्षकों के कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी की अध्यक्षता तथा जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार के संचालन में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षकों के चयन वेतनमान तथा प्रोन्नत वेतनमान एवं तीनों संवर्गों में पदोन्नतियां तथा अवशेष देयकों सहित विभिन्न मुद्दे छाए रहे। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी नागेंद्र बर्थवाल के स्थानांतरण पर हर्ष व्यक्त किया गया।



उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में प्रारंभिक शिक्षकों के सारे कार्य लंबित रहे अब उनके जाने के बाद लंबित समस्याओं के निस्तारण में तेजी आएगी। वक्ताओं द्वारा वर्तमान में पदोन्नति एवं चयन प्रोन्नत वेतनमान हेतु गोपनीय आख्या की अनिवार्यता में आ रही जटिलताओं को लेकर शिथलीकरण की मांग की गई जिस पर मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सिंह सोनी द्वारा संगठन को आश्वस्त किया गया कि वह इस संदर्भ में निदेशालय से अनुमति प्राप्त करेंगे जबकि पदोन्नति एवं चयन प्रोन्नत वेतनमान को लेकर मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा शीघ्र ही उनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

बैठक में जिला तदर्थ समिति के अध्यक्ष नंदराम, जिला कोषाध्यक्ष मदन मोहन सिंह बिष्ट, बंशीधर कांडपाल ब्लॉक अध्यक्ष, नवीन चंद, प्रकाश चंद फुलोरिया, हरीश पाठक, कमल गिनती, गोपाल सिंह बिष्ट, शमशेर सिंह , गोविंद चंद्र, सुरेश चंद जोशी, मदन सिंह बर्थवाल, जगमोहन सिंह पडियार, विमला भंडारी, विजय गुरुरानी, त्रिलोक नाथ, मनोज कुमार, रवि शंकर, कैलाश पंत, राजीव रघुवंशी, मोहम्मद तारीख, रविंद्र कुमार, जीवन सिंह बोरा, प्रमोद कविदयाल तथा हरिश्चंद्र शर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## पुलिस चौकी से 500 मीटर दूर चोरों ने तीन दुकानों के तोड़े ताले

**गदरपुर**

**हमारे संवाददाता**

महतोष पुलिस चौकी से 500 मीटर की दूरी पर चोरों ने व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष समेत तीन दुकानों के ताले तोड़ कर लाखों रुपये का सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।



बीती रात महतोष बाजार में चोरों ने गुरु चांद कलेक्शन, कालड़ा मेडिकल स्टोर एवं साईं टेलीकॉम ग्राहक सेवा केंद्र के ताले तोड़ दिए। बृहस्पतिवार की सुबह नौ बजे दुकान खोलने पहुंचे व्यापारियों ने ताले टूटे हुए देखे तो उनमें रोष फैल गया। एसआई पवन जोशी ने दुकानदारों से घटना की जानकारी लेने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। कैमरों में चोर बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए नजर आए। गुरु चांद कलेक्शन के स्वामी और महतोष व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष गुरु चांद ढाली ने बताया कि दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी किया गया है। साईं टेलीकॉम के स्वामी राजू मलिक ने बताया कि चोर ग्राहक सेवा केंद्र में रखे लॉकर को भी चुराकर उसके ताले तोड़कर रखी हुई करीब 50 हजार की नकदी चुरा ले गए। वहीं, कालड़ा मेडिकल स्टोर के स्वामी गौरव कालड़ा ने बताया उनके यहां से गल्ले में रखी करीब डेढ़ हजार रुपये की नकदी और दवाइयां चोरी हुई हैं। थानाध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी ने भरोसा दिया कि पुलिस टीम संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# अभिमत



## कब होगा ट्रीटमेंट

*मुख्यमंत्री धामी से उम्मीद है कि वह गर्जिया मंदिर को बचाने के लिए मानसून से पहले निर्माण कार्य को शुरु कर पूरा कराने की चुनौती स्वीकार करेंगे। मंदिर का टीला सुरक्षित करने के बाद श्रद्धालुओं को पेयजल, परिवहन, ठहरने, शौचालय, स्नान करने वाली महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए बाथरूम आदि का प्रबंध किया जाना चाहिए। मंदिर के आसपास के क्षेत्र में बाघ, हाथी आदि भी कई बार पहुंच जाते हैं। वीडियो वायरल होते रहते हैं। वन विभाग ने वन्यजीवों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया है। तराई क्षेत्र में शक्तिपीठ पूर्णागिरि के बाद गर्जिया मंदिर में सबसे अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं।*

.देवभूमि उत्तराखंड में प्राकृतिक सौंदर्य और सुहावने मौसम का आनंद लेने के लिए पर्यटक आते हैं। मौज-मस्ती से अलग हटकर देवभूमि में पर्वतीय से लेकर तराई तक अनेक धार्मिक स्थल हैं। उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। चारधाम यात्रा तो मौसम के सामान्य रहते ही संभव है और कुछ माह तक श्रद्धालु आते हैं। देवभूमि के मंदिरों व ऋषि-मुनियों के तपस्या स्थलों के प्रति भी लोगों की आस्था है। अनेक धर्मस्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का अभाव है। इन्हीं में से एक रामनगर में कोसी नदी की बीच धारा में टीले पर स्थित गर्जिया मंदिर है। उत्तराखंड की पहली निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने मंदिर तक पहुंचने के लिए पुल का निर्माण कराया था। उसके बाद इस धर्म स्थल को विकसित करने का कोई कार्य नहीं किया गया। टीले में दरारें आने से मंदिर को खतरा उत्पन्न हो गया है। आईआईटी रुड़की के इंजीनियरों ने टीले का निरीक्षण करके ट्रीटमेंट की सलाह दी थी। राज्य सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। पिछले साल बारिश के मौसम में टीले की दरारों में पानी जाने से रोकने के लिए तिरपाल से ढका गया। फिर भी बचाव नहीं हो सका, दरारें और अधिक हो गईं। वैसे तो प्रतिदिन गर्जिया मंदिर में श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन पर्व विशेष पर भारी भीड़ होती है। इस साल मकर संक्रांति पर कोसी नदी में स्नान को हजारों लोग पहुंचे, परन्तु टीला ढहने का खतरा होने के कारण टीले पर चढ़कर गर्जिया मां के दर्शन से वंचित रहे। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज पांडेय, सांसद प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत, अशोक खुल्वे आदि ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मिलकर गर्जिया मंदिर के टीले को बचाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को टीले के ट्रीटमेंट के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिये हैं। इस तरह के निर्देश पहले भी शासन और प्रशासन स्तर पर दिये जा चुके हैं, लेकिन मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। मुख्यमंत्री धामी से उम्मीद है कि वह गर्जिया मंदिर को बचाने के लिए मानसून से पहले निर्माण कार्य को शुरु कर पूरा कराने की चुनौती स्वीकार करेंगे। मंदिर का टीला सुरक्षित करने के बाद श्रद्धालुओं को पेयजल, परिवहन, ठहरने, शौचालय, स्नान करने वाली महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए बाथरूम आदि का प्रबंध किया जाना चाहिए। मंदिर के आसपास के क्षेत्र में बाघ, हाथी आदि भी कई बार पहुंच जाते हैं। वीडियो वायरल होते रहते हैं। वन विभाग ने वन्यजीवों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया है। तराई क्षेत्र में शक्तिपीठ पूर्णागिरि के बाद गर्जिया मंदिर में सबसे अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं। उत्तर प्रदेश के कई शहरों से पर्व विशेष पर कोसी में स्नान और मंदिर में प्रसाद के लिए लोग पहुंचते हैं।

# पर्यटकों को कॉल गर्ल की डिमांड करना पड़ा महंगा

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नगर के मल्लीताल क्षेत्र में नैनीताल घूमने आए पर्यटकों को कॉल गर्ल की डिमांड करना महंगा पड़ गया जिस पर टैक्सी चालकों ने पर्यटकों की जमकर धुनाई कर दी। जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पंजाबी कॉलोनी जिला मैनपुरी से अपने परिवार के साथ कुछ पर्यटक नैनीताल घूमने पहुचे थे। इस बीच पर्यटकों द्वारा नगर के लोकल टैक्सी चालकों से कॉल गर्ल की मांग की गई जिस पर टैक्सी चालकों ने पर्यटकों की पिटाई कर दी।

इसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए मल्लीताल कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। घायल पर्यटक सुशील गुप्ता के मुताबिक वह अपने परिवार के साथ नैनीताल घूमने आए थे कि मल्लीताल पार्किंग में कार खड़ी कर वह होटल की तरफ जाने लगे तभी कुछ टैक्सी चालक उनके पास आये और उन्हें नैनीताल घूमाने व कॉल गर्ल दिलाने की बात कहने लगे। गुप्ता ने मना करने पर टैक्सी चालकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हाथापाई के दौरान पर्यटक के सिर गम्भीर चोट लगी व सिर पर चार टांके आए हैं, वहीं टैक्सी चालक सोनू के अनुसार पर्यटक सुशील गुप्ता द्वारा उन्हें गाली देते हुए दलाल कहा गया और कॉल गर्ल की डिमांड की गई जिस पर टैक्सी चालकों की पर्यटकों के साथ बहस हो गई। इस बीच पर्यटकों ने उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी जिसमे दोनो को चोटें आयी हैं।

मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है,बोले कि तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**घटना**

● टैक्सी चालकों ने पर्यटकों की जमकर धुनाई कर दी

ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।
www.uttaranchaldeep.com

## आम सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं संतोष सिंह नेगी पुत्र स्व0 मोहन सिंह नेगी की क्रयशुदा भूमि खाता नं. 00925 के खसरा नं. 46/1 की रकवा 2200 वर्गफीट जो ग्राम कमलुवागांजा नरसिंह तल्ला परगना भाबर छ: खाता तहसील हल्द्वानी जिला नैनीताल में स्थित है। उक्त पूर्व की मूल रजिस्ट्री जो प्रदीप मोहन गोयल पुत्र श्री इन्द्र सेन गोयल, बही नं. 1, जिल्द नं. 2141, पेज 269-278, क्रमांक 1238, दिनांक 28.02.2015 सब रजिस्ट्रार हल्द्वानी प्रथम उक्त रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है। उक्त के संबंध में दिनांक 15.02.2024 को उत्तराखंड पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मैं इस संपत्ति को बंधक रखकर एक लोन ले रहा हूं, अगर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो बालाजी टावर कमलुवागांजा नरसिंह तल्ला में सात दिन के अंदर संपर्क करें। **-संतोष सिंह नेगी, मो0. 9917267644**

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रदर्शन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



जनपद से हजारों की संख्या में कलेक्टर पहुंचीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान कलेक्ट्रेट गेट पर भारी मात्रा पुलिस फोर्स तैनात रहा।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों चार सूत्रीय मांग के समाधान की मांग को लेकर जगतपुरा से जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंची। उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर उन्होंने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि कम वेतन में परिवार कैसे चलेगा। उन्होंने 18 हजार रुपए वेतन देने समेत कई अन्य मांगों का समाधान करने की मांग उठाई। मांगे पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उत्तराखंड सरकार से बार-बार निसगठन उत्तराखंड सरकार से मिलने का मौका नहीं मिलता। रैली के माध्यम से आप तक अपनी बात प जिस तरह आप माता बहनों के लिए कार्यक्रम कर रहे हैं और केंद्र सरकार से राज्य सरकार तक सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम एक आंगनवाड़ी वर्कर से करवा रहे है । इसको देखते हुए उसको मानदेय दिया जाना बनता है। लेकिन महिला सशक्तिकरण की आगनबाडी कार्यकत्री को अनदेखा किया जा रहा है संगठन कार्यकत्री न्यूनतम मजदुरी को देखते हुये 600 रु प्रतिदिन के हिसाब से 18000 रु मानदेय किया जाए, और सीनियरिटी के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर प्रतिवर्ष सबका मानदेय बढ़ा दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रिटायरमेंट होने पर 2 लाख देने का प्रावधान रखा जाए जिससे कि वह अपनी बच्ची कुच्ची जिंदगी को अच्छे से व्यतीत कर सके ।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड जारी किये जाएं जिससे उनको सरकारी योजनाओं का भी लाभ मिल पाए । मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उच्चीकरण का जीओ शीघ्र जारी किए जाए।

# फिल्मी दुनिया

## सिंगर का सिनेमा में एक्टर हो पाना इतना मीठा भी नहीं




*पंजाबी फिल्मों के ज्यादातर स्टार, गायक ही है। गायकी में सफलता मिलने के बाद या तो खुद अपने लिए फिल्में प्रोड्यूस कर लेते है या तो कोई ना कोई निर्माता टकरा ही जाता है। पंजाबी फिल्में बड़ी भव्य स्तर पर बन रही हैं, रिलीज भी हो रही है, बिजनेस भी अच्छा हो रहा है। लेकिन मुख्यधारा की सिनेमा से नहीं जुड़ पा रही हैं, जिस तरह से अब साउथ की फिल्में हर जगह रिलीज हो रही हैं। वजह यह है कि सिंगर तो अच्छे होते हैं,लेकिन अभिनय में मार खा जाते हैं। पंजाबी इंडस्ट्री के सुपरस्टार सिंगर गुरु रंधावा ने अपने लिए नया प्रयोग किया है। पंजाबी फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत ना करके उन्होंने हिंदी फिल्म कुछ खट्टा हो जाए से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। हिंदी फिल्मों में जिन गायकों ने बतौर एक्टर अपनी किस्मत आजमाई है, वह सफल नहीं हुए हैं। चाहे वे सोनू निगम, हिमेश रेशमिया, मीका सिंह, शान, आदित्य नारायण जैसे सिंगर ही क्यों न हों। गुरु रंधावा की फिल्म कुछ खट्टा हो जाए देखने पर यही लगता है कि वह भी अतीत में गायक से नायक बने लोगों के राह पर हैं।*

### कहानी आगरा की

*फिल्म की कहानी आगरा के रहने वाले एक आलसी और अक्खड़ स्वभाव के दिलफेंक लडके हीर और आईएस की तैयारी कर रही लड़की इरा की है। हीर के दादा जी चाहते हैं कि वह शादी कर ले ताकि वह अपने पोते का मुह देख सके क्योंकि चावला खानदान में पिछले 28 वर्षों से घर में कोई बच्चा नहीं पैदा हुआ है। इरा की मां शादी का इसलिए दबाव डालती है ताकि इरा की शादी के बाद उसकी छोटी बहन की शादी हो सके। दोनों पति - पत्नी के रूप में नहीं बल्कि दोस्त के रूप में ही रहेंगे।*

पेज एक का शेष

## किसान आंदोलन: शंभू बॉर्डर पर ...



...किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि इस आंदोलन का कारण केंद्र सरकार है। हमें सही समय पर दवाएं प्राप्त करने में दिक्कत आ रही है। राई व कुंडली क्षेत्र के उद्योगों में दिल्ली से कच्चा माल आता है। ऐसे में कुंडली-सिंघु बॉर्डर बंद होने से कच्चा माल पहुंचने में दिक्कत आ रही है। अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कच्चा माल खत्म हो सकता है।

किसान आंदोलन-2 के बीच हरियाणा से भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) गुट भी मैदान आ गया है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने घोषणा तीन घंटे टोल फ्री कराने की घोषणा की है, जिस पर सोनीपत में भी यूनियन के पदाधिकारियों ने तैयारी कर ली है। आज सोनीपत के सभी चारों टोल प्लाजा को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक फ्री करवाया जाएगा।

केंद्र सरकार और किसान यूनियनों के बीच बैठक खत्म होने के बाद किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने कहा कि विरोध शांतिपूर्वक जारी रहेगा। हम और कुछ नहीं करेंगे। हम किसानों से भी अपील करेंगे कि हम दिल्ली की तरफ बढ़ते जाएं और बैठकें चलती रहें, दोनों काम एक साथ नहीं हो सकते। सरकार ने बैठक बुलाई है, हम तब तक इंतजार करेंगे... रविवार को अगर हमें कोई सकारात्मक नतीजा नहीं मिलता तो हम विरोध जारी रखेंगे। वहीं कुछ किसान नेता उन पर की गई हिंसक कार्रवाई या बल प्रयोग को गलत बता रहे हैं। उनका कहना है कि हम पाकिस्तान से थोड़े ही हैं।

## News कॉर्नर

### बेटा ने पूछा पिता से हमारे अराध्य कौन?

रुद्रपुर। अध्योया में 500 वर्ष के हुई श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में 470 किलोमीटर पैदल चलकर शामिल हुए रुद्रपुर के रामभक्त सुशील गाबा हर किसी के दिलों में जगह बना चुके हैं। इन दिनों रामभक्त सुशील गाबा की एक और वीडियो खूब सुर्खियां बटोर रही है। वायरल वीडियो में उनका पुत्र पूछता है कि हमारे लीडर यानी अराध्य कौन है। इस पर रामभक्त कहते हैं कि हमारे लीडर अराध्य प्रभू श्रीराम है,वह हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सिखाया है कि एक पुत्र को किस तरह अपने पिता के आदेश का पालन कर चाहिए,एक पति को किस तरह अपनी पत्नी की रक्षा करनी चाहिए,और एक भाई का भाई के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए। रामभक्त सुशील की यह वीडियो लोग खूब देख रहे हैं।
आपको बता कि पिछले एक दशक से सुशील गाबा शहर की मुख्य रामलीला में हनुमान का रोल पूरी निष्ठा के साथ करते आ रहे हैं,उनके कण कण में राम बस चुके हैं,उनकी जुबान पर हर भक्त राम ही राम नजर आते हैं। जहां भी उन्हें जय श्रीराम का नारा लगाने का मंच मिलता है। वह पूरी तरह राम में लीन हो जाते हैं।

### हल्द्वानी में जुम्मे की नमाज के लिए भी मिली छूट



हल्द्वानी। कर्फ्यूग्रस्त वनभूलपुरा क्षेत्र में लोगों को जरूरी सामान खरीदने की छूट देने के साथ ही जुम्मे की नमाज के लिए छूट प्रदान की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि जुम्मे की नमाज के लिए 10-15 लोगों को मस्जिद में नमाज अदा करने की छूट दी गई है।

# श्रद्धांजलि: बातें भूल जाते हैं, यादें याद आती हैं...

उत्तरांचल दीप
अफजल फौजी, नैनीताल

बातें भूल जाती है
यादें याद आती हैं।
ये यादें किसी दिलो जानम के चले जाने के बाद, याद आती हैं, दर्दभरे गीत के ये अल्फाज, आज तब चरितार्थ हो गए, जब दीपक बिष्ट (दीपू) के चित्र पर लोग श्रद्धा सुमन पुष्प अर्जित कर उसे श्रंद्धाजलि दे रहे थे। ये पल गमगीन थे और दीपू की उन यादों की याद दिला रहे थे, जब वह किसी भी त्यौहार व समारोह में कैमरा हाथ में लिए अचानक सामने प्रकट हो जाया करता था और अपनी मधुर वाणी से सवाल कर बाईट लेना



शुरू कर देता था। दीपू का यह अंदाज दिलकश होता था, जो हर किसीको अपना बना लेता था। खास बात कि वह बहुप्रतिभावान था। मगर अब सिर्फ उसकी यही यादें शेष रह गई थी। आज उसे श्रंद्धाजलि दी जा रही थी। 26 जनवरी 23 में अचानक दीपू हम सबको छोड़ गया था। वह दिन भी याद आ रहे थे, जब वह नैनीताल जन्मोत्सव की तैयारी के लिए दिलोजान से जुट जाता था और कहा करता था दादी आपको पहुचना जरूर है। होली में शहर का शायद ही कोई कोना हो, जंहा वह नजर न आता हो। मां नंदादेवी महोत्सव को रंग देने में उसका कोई जवाब नही था। महोत्सव के दौरान गली मौहल्लों में मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना दीपू का शगल हुआ करता था। क्रिसमस हो या फिर ईद, दीपू हर तीज त्यौहार में हर दिल अजीज बनकर लोगों के दिलों में अलग छाप छोड़ जाता था। आज वो दिन याद आ रहे थे। दीपू का चेहरा सामने आ रहा था। तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारूति साह के आवास पर दीपू को श्रंद्धाजलि देने के लिए कई लोग पहुचे हुए थे।

### ये लोग उपस्थित हुए

दीपू की श्रंद्धाजलि सभा में स्व.दीपक बिष्ट (दीपू) की पत्नी शालिनी बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता ईशा साह, डॉ एम एस दुकताल, भुवन बिष्ट, अंजू साह, केसी सुयाल, हर्षित सुयाल, हरीश राणा, प्रगति जैन, वर्षा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हालात, अब आठ घंटे की छूट

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वनभूलपुरा हिंसा को गुरुवार को आठ दिन बीत जाने के बाद प्रशासन ने यहां पर रहने वाले लोगों को कर्फ्यू में ढील दी थी। अब ढील की अवधि आज एक घंटे की अवधि के लिए बढ़ा दी गई है। वनभूलपुरा क्षेत्र में शनिवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तीन घंटे की ढील दे दी गई है। साथ ही इससे लगे कुछ इलाकों में भी ढील की अवधि एक घंटे के लिए बढ़ा दी गई है। वनभूलपुरा से लगते क्षेत्रों गौजाजाली, आरएफसी गोदाम और रेलवे बाजार इलाके में अब आठ घंटे की छूट प्रदान की गई है। छूट की अवधि के दौरान पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की निगरानी में आवश्यक सेवाओं की दुकानों को खुलने की छूट दी गई। छूट की इन अवधियों के दौरान फल और सब्जियों की दुकानें भी संचालित कराई जा रही हैं। बता दें कि राहत वाले क्षेत्र में लोग बाहर तो निकलेंगे लेकिन सीमित दायरे में ही रहेंगे। न ही इस क्षेत्र से बाहर जाने की अनुमति होगी और न ही बाहर से इस क्षेत्र में आने की इजाजत होगी। वहीं जो सामान यहां पर उपलब्ध नहीं हुआ उसकी व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई।



### पास के जरिए बाहर जा सकेंगे लोग

अत्यंत जरूरी काम से क्षेत्र में बाहर जाने के लिए भी प्रशासन की ओर से व्यवस्था की गई है। इसके पास जारी किए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। क्षेत्र विशेष से बाहर जाने की अनुमति भी कुछ समय के लिए ही प्रदान की गई है। वहीं जो सामान यहां पर उपलब्ध नहीं हुआ उसकी व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई। वहीं जुम्मे की नमाज के लिए

# हत्यारे पति व उसके साथियों को भेजा जेल

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

**रंजिश**
- दंगे की आड़ में रंजिश निकालने का मामला
- सिपाही की पत्नी से अवैध संबंध का मामला

दंगे की आड़ में रंजिश निकालने के मामले में पुलिस ने आरोपी सिपाही और उसके साथियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। जबकि सिपाही की फरार पत्नी की तलाश की जा रही है। बता दें कि आलावृद्धि नाहवानाथ खटीमा ऊधमसिंहनगर निवासी कांस्टेबल चोरगलिया थाने में तैनात है और प्रकाश के सिपाही की पत्नी से अवैध संबंध थे।
इतना ही नहीं उसने सिपाही की पत्नी की वीडियो भी बना ली जिसके बाद वह उसे ब्लेकमेल करना लगा। सिपाही की पत्नी ने उसे पैसे भी दिए लेकिन वह और डिमांड करने लगा। जब बात हद से आगे बढ़ गई तो उसने पूरी कहानी अपने पति को बता दी। इसके बाद सिपाही ने अपने साले और दोस्तों के साथ मिलकर प्रकाश की हत्या करने का प्लान तैयार कर लिया। 8 फरवरी की रात करीब 11 बजे सिपाही, अपने इंद्रानगर पश्चिमी वार्ड 14 उजालानगर बनभूलपुरा निवासी दोस्त, ढौराडाम किच्छा ऊधमसिंहनगर निवासी साला और शक्तिफार्म बैकुंठ नगर सितारगंज ऊधमसिंहनगर निवासी साले के दोस्त के साथ प्रकाश को आंवला चौकी गेट के पास लेकर पहुंचा।
प्रकाश से मोबाइल से वीडियो डिलीट करने को कहा और जब वह नहीं माना तो गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई और उसे दंगे में मृतक के रूप में पेश कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# एसटीएफ ने 25 हजार इनामी दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा



रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**धरपकड़**
- पिछले 1 वर्ष से लगातार फरार चल रहा था

उत्तराखंड एसटीएफ की शातिर ईनामी अपराधियों, गैंगस्टरों और नशा तस्करों पर लगातार कड़ी कार्यवाई जारी है। इसी कार्यवाई के तहत एसटीएफ ने एक महिला के साथ मारपीट व बलात्कार के शातिर दुष्कर्मी को गिरफ्तार किया है। उस पर 25 हजार का ईनाम घोषित था। एसएसपी एसटीएफ के मुताबिक ईनामी कुख्यात अपराधी गुरमेज सिंह पुत्र खजान सिंह निवासी कथूलिया नानकमत्ता के खिलाफ गदरपुर थाने में 2023 में धारा 323, 376, 504 का केस दर्ज था। तबसे वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को लगातार कार्रवाई हो रही थी और देर रात सहारनपुर यूपी में दबिश देकर पकड़ लिया? एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि अपराधी वर्ष 2020 में एक महिला के सम्पर्क में आया और उसको अपने झूठे वादों में फंसाकर शादी का झांसा देकर उसके साथ अवैध सम्बन्ध बनाये। महिला ने शादी करने का दबाव बनाया तो वह वहाँ से फरार हो गया। इसके बाद महिला ने गुरमेज सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। बाद में ईनाम घोषित किया। ईनामी सर्विलांस की मदद से एसटीएफ की चंगुल में फंस गया। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। टीम में निरीक्षक एसटीएफ अबुल कलाम,एसआई यादविन्दर सिंह बाजवा,एसआई विद्या दत्त जोशी, एसआई धर्मेन्द्र सिंह रौतेला, हेड कांस्टेबल बृजेन्द्र चौहान, संजय कुमार,सन्देश यादव, मोहन असवाल आदि शामिल रहे।

### सोमेश्वर बाजार में 30 मिनट तक रेंगते रहे वाहन

अल्मोड़ा। सोमेश्वर बाजार में बृहस्पतिवार को जाम के चलते 30 मिनट तक वाहन सड़कों पर रेंगते रहे। इससे यात्रियों के साथ ही राहगीरों को परेशानी से जूझना पड़ा।
सोमेश्वर बाजार में पार्किंग न होने से जाम की समस्या आम है। बृहस्पतिवार को भी मुख्य बाजार में जाम लगा रहा। आधे घंटे बाद किसी तरह जाम खुला और यात्री गंतव्य को रवाना हो सके। बाजार में आए दिन जाम लगने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

# प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक को रिश्वत लेते पकड़ा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
- दोनों आरोपी काशीपुर सीआरसी में तैनात हैं

विजिलेंस टीम ने काशीपुर सीआरसी ब्लाक में तैनात प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।
टीम दोनों को गिरफ्तार कर हल्द्वानी ले गई। यहां कार्रवाई की जा रही। विजिलेंस टीम ने यह कार्रवाई टोल फ्री नंबर 1064 पर दर्ज शिकायत पर की। विजिलेंस टीम के मुताबिक एक शिकायतकर्ता ने दर्ज कराई शिकायत में कहा कि सीआरसी काशीपुर ब्लॉक स्थित राजकीय प्राईमरी पाठशाला बासखेड़ा में तैनात प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा एवं सहायक अध्यापक अंकुर प्रताप पर प्राइवेट स्कूलो में चेकिंग के दौरान उनके स्कूल में मेंटेन की जाने वाले रजिस्टरों में पकड़ी कमियों को उच्च स्तर पर ना भेजने के एवज में 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई। इस पर हल्द्वानी विजिलेंस टीम द्वारा की गई जाँच में मामला सही पाये जाने पर ट्रैप टीम का गठन किया। इसके बाद टीम काशीपुर पहुंच दोनों को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम में शामिल विजिलेंस अधिकारी दोनों को अपने साथ लेकर हल्द्वानी चले गए। उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा । निदेशक सतर्कता डॉक्टर वी मुरूगेसन ने ट्रैप टीम को नगद पुरुष्कार से पुरुस्कृत करने की घोषणा की।

# 18 फरवरी को होगा 41 जोड़ों का सामूहिक विवाह: चुघ

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को काशीपुर बाई पास रोड सिटी क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ ने बताया कि 18 फरवरी को ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को 41 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे ।उन्होंने बताया कि लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे जोड़ों का विवाह कराया जाता है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह में देश के अनेक साधु संत पहुंचेंगे जो नव दंपति को अपना आशीर्वाद देंगे। 18 फरवरी को गल्ला मंडी से बारात प्रारंभ होगी जहां सभी दूल्हे गाजे बाजे के साथ बारात लेकर प्रस्थान करेंगे। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान पहुंचेगी। जहां सभी 41 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह में कई संस्थाएं अपना सहयोग दे रही हैं। जिनमें श्री खाटू धाम सेवा समिति ट्रांजिट कैंप, श्री बालाजी मंडल सेवा समिति, सुंदरकांड महिला मंडल आवास विकास, गायत्री परिवार, अग्रवाल महासभा, जिंदगी जिंदाबाद टीम, गायत्री परिवार, योगी सेना, शामिल है। इसके अलावा संस्था के संरक्षक व दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता ,संयोजक संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास बंसल, सुरेंद्र गुप्ता, अमित ठाकुर,शिव कुमार शिबू,राज कोली, सत्री पासवान का भी सहयोग रहेगा।चुघ ने सभी नगर वासियों से इस सामूहिक विवाह में पहुंचने की अपील की है।



**आयोजन**
- ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में होगा आयोजन